# पत्थर भी तर गए जिस नाम से भजन लिरिक्स

पत्थर भी तर गए जिस नाम से,
पार उतर गए जिस नाम से,
सबके बनाता जो काम है,
वो राम है वो राम है,
वो राम है श्री राम है,
जीवन संवर जिस नाम से,
जिनका दरस सुख का धाम है,
वो राम है वो राम है,
वो राम है श्री राम है।bd।

**patthar bhi tar gaye jis naam se lyrics**

तर्ज – श्याम के बिना तुम आधी।
ये भी देखे – राम नाम आधार जिन्हे।

---

नाम लेकर के बजरंग ठाड़े,
वीर लंका में जाकर दहाड़े,
अक्षय को मारा निचे पटक कई,
राक्षस पकड़ कर पछाड़े,
सीता को मुदरी जाकर के दी,
समझी वो जिनका पैगाम है,
वो राम है वो राम है,
वो राम है श्री राम है।bd।

---

नाम अंगद ने मन में बसाया,
पाँव लंका में जाकर जमाया,
योद्धा वहां जब सब हार माने,
वानर ने करतब दिखाया,
लंका में चर्चा बस एक थी,
जिनका भगत शक्ति का धाम है,
वो राम है वो राम है,
वो राम है श्री राम है।bd।

---

आज तक जो अमर है कहानी,
पग से तर गई अहिल्या सी रानी,
'रघुवंशी' जो राम का नाम गाए,
होती सफल जिंदगानी,
'ब्रजराज' पे भी दया हो गई,
करता वो जिनका गुणगान है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

पत्थर भी तर गए जिस नाम से,
पार उतर गए जिस नाम से,
सबके बनाता जो काम है,
वो राम है वो राम है,
वो राम है श्री राम है,
जीवन संवर जिस नाम से,
जिनका दरस सुख का धाम है,
वो राम है वो राम है,
वो राम है श्री राम है।bd।

**Singer – Brijraj Singh Lakkha**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com